पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

शिक्षण संस्थानों और कारपोरेट जगत के बीच सेतु बनाने की जरूरत है - राज्यपाल

लखनऊः 5 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज शेरवुड मैनेजमेंट कालेज में आयोजित 'ब्रिजिंग गैप बिटवीन एकेडमिक्स एण्ड कारपोरेट्स' विषयक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शेरवुड मैनेजमेंट कालेज के अध्यक्ष श्री के0बी0 लाल, निदेशक डाॅ0 राम शुक्ला सहित अन्य गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

राज्यपाल ने संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि विश्व में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के कारण पूरा विश्व एक बाजार बन गया है। बाजार में स्पर्धा होती है और स्पर्धा में प्रतिभावान ही जगह बना सकता है। यह विचार का विषय है कि छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करके भविष्य की योजना कैसे निर्मित करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त मानव संसाधन निर्माण करने का कार्य शैक्षिक संस्थाओं एवं शिक्षकों को करना होगा। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि संगोष्ठी में विचारों के आदान-प्रदान से जो नये विचार आयेंगे वे युवा पीढ़ी के लिए लाभदायक होंगे।

श्री नाईक ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में मानव संसाधन को ठीक प्रकार से आकार देने की आवश्यकता है। देश की आवश्यकता एवं अपेक्षा के अनुसार नयी पीढ़ी को मार्ग दर्शन मिलना चाहिए। नयी पीढ़ी का सही उपयोग नहीं होगा तो वे देश के लिए जिम्मेदारी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन हेतु कौशल विकास से शिक्षण संस्थानों और कारपोरेट जगत के बीच सेतु बनाने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि मानव संसाधन देश की महत्वपूर्ण पूंजी है। उद्योग एवं व्यापार के लिए हमारे पास पर्याप्त मानव संसाधन हैं। 2020 तक भारत सबसे बड़ा युवा देश होने जा रहा है। हमें यह भी विचार करना होगा कि देश की युवा पूंजी का अधिक से अधिक उपयोग करके कैसे उत्पादक बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में शेरवुड मैनेजमेंट कालेज के निदेशक डाॅ0 राम शुक्ला ने कालेज की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा अध्यक्ष श्री के0बी0 लाल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राज्यपाल को स्मृति चिन्ह व शाल भेट करके सम्मान किया।

अंजुम/ललित/राजभवन(85/7)

NATIONAL CONFER
on
Chief Guest : श्री राम नाईक, माननीय रा
Date : 5th
Sherwood

NATIONAL CONFERENCE
on
"Bridging the gap between Academics and the Corporate World"
श्री राम नाईक, माननीय राज्यपाल, उ०प्र०
Hon'ble Vice-Chancellor, AKTU, Lucknow
Shri Mahesh Kumar (Times of India), Shri Ashish Kumar (HDFC BANK),
Shri Paritosh Joshi
Shri Ashok Singh (Telenor)
2016